# उ.प्र. व गुजरात में उपज खरीदी को मंजूरी

## 13,890.60 करोड़ रु. की उपज खरीदी से किसानों को होगा फायदा : शिवराज सिंह

**नई दिल्ली, 23 सितंबर 2025, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ 2025-26 के लिए उत्तर प्रदेश और गुजरात में प्रमुख दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीद को स्वीकृति दी है. किसानों से उड़द व तूर की शत-प्रतिशत खरीद के लिए शिवराज सिंह ने मंजूरी दी है, वहीं उ.प्र. में मूंग, तिल, मूंगफली तथा गुजरात में सोयाबीन, मूंग व मूंगफली भी खरीदने की अनुमति प्रदान की है.**



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने गुजरात में किसानों के लिए उड़द की पूरी 47,780 मीट्रिक टन उपज की खरीद को मंजूरी दी है, जिसकी कुल कीमत 372.68 करोड़ रु. होगी. साथ ही, सोयाबीन की 1,09,905 मीट्रिक टन खरीदी की मंजूरी दी है, जिसकी कीमत 585.57 करोड़ रु. होगी. गुजरात में मूंगफली की 12 लाख 62 हजार 163 मीट्रिक टन मात्रा खरीदने की स्वीकृति केंद्रीय कृषि मंत्री ने दी है, जिसकी कीमत 9,167.08 करोड़ रु. रहेगी. इसके अलावा, मूंग 4,415 मीट्रिक टन खरीदने की स्वीकृति शिवराज सिंह ने दी है, जिसका मूल्य 38.71 करोड़ रु. रहेगा.

किसानों के हित में पूरी खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से करने के लिए शिवराज सिंह ने इन राज्यों को निर्देश दिए, साथ ही कहा कि दोनों राज्यों में 13,890.60 करोड़ रु. की उपज खरीदी से किसानों को लाभ होगा.

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज हुई वर्चुअल बैठक में उ.प्र. के कृषि मंत्री श्री सूर्यप्रताप शाही तथा गुजरात के कृषि मंत्री श्री राघवजी पटेल शामिल थे, वहीं केंद्रीय कृषि सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी तथा केंद्र व दोनों राज्य सरकारों के वरिष्ठ कृषि अधिकारी भी बैठक में सम्मिलित हुए.

बैठक में शिवराज सिंह ने कहा कि किसानों के हित में पूरी खरीद प्रक्रिया पारदर्शी, डिजिटल व सुचारू रूप से की जाएं, जिस पर दोनों राज्यों के कृषि मंत्रियों ने कहा कि उपज खरीद आधुनिक बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण व पीओएस मशीन व्यवस्था के साथ डिजिटल पोर्टलों के जरिए होगी.

## जीएसटी 2.0 के पहले दिन बिके रिकॉर्ड वाहन

**नयी दिल्ली, 23 सितंबर.** वस्तु एवं सेवा कर में नये सुधार लागू होने के बाद पहले दिन 22 सितंबर को कई कंपनियों ने रिकॉर्ड वाहन बेचे. सरकारी सूत्रों के मुताबिक, देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन कंपनी मारुति सुजुकी ने सोमवार को 30 हजार कारों की डिलीवरी की और उसके पास 80 हजार इनक्वायरी आयी. यह 35 साल के कंपनी के इतिहास में एक दिन की सबसे अधिक डिलीवरी है. इसके पीछे दो कारण हैं – एक नवरात्र में आम तौर पर लोग वाहन खरीदना शुभ मानते हैं और दूसरा जीएसटी 2.0 में करों में कटौती की घोषणा के बाद लोगों ने अपनी खरीद टाल दी थी और पहले दिन ही उन्होंने डिलीवरी लेकर कर छूट का भरपूर लाभ उठाया. त्योहारी मौसम में आने वाले समय में भी बिक्री में तेजी जारी रहने की उम्मीद है.

# वेकोलि की प्रमुख पहल 'तेजस' का शुभारंभ

**नागपुर, 23 सितम्बर 2025 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) ने 'तेजस रांसफोर्मिंग जूनियर ईंटो एस्पिरिंग स्टार्स ('तेजस )' नामक अभिनव मानव संसाधन पहल का शुभारंभ किया. इस पहल का उद्देश्य भारत के ऊर्जा क्षेत्र के भावी नेतृत्व का निर्माण करना है. वेकोलि, कोल इंडिया लिमिटेड की पहली अनुषंगी कंपनी है जिसने यह महत्वपूर्ण पहल की है.**




'तेजस' का उद्घाटन वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक जे. पी. द्विवेदी द्वारा किया गया. इस अवसर पर निदेशक बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी आनंदजी प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) डॉ. हेमंत शरद पांडे, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय माधुकर म्हेत्रे सहित स्टीयरिंग समिति के सदस्य आशीष मूर्ति एवं एस. आर. गबाले की विशेष उपस्थिति रही.

'तेजस' पहल के अंतर्गत वेकोलि के 657 जेन-ज़ी अधिकारियों को उनकी क्षमता विस्तार के उद्देश्य से प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कोयला क्षेत्र को नेतृत्व प्रदान कर सके. यह प्रशिक्षण उनकी डिजिटल-फर्स्ट सोच और सृजनात्मक ऊर्जा को दिशा देगा. 12 दिनों में 84 घंटे के गहन अध्ययन को 10 बैचों में संचालित किया जाएगा, जिसमें क्षमता निर्माण तथा प्रतिभा संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. 'तेजस' की विशेषता इसका संतुलित अकादमिक मॉडल है, जिसमें 75त्न सत्र वेकोलि के अधिकारियों द्वारा और 25 प्रतिशत सत्र बाहरी विशेषज्ञों द्वारा लिए जाएंगे. इसमें कोयला क्षेत्र से जुड़े सभी व्यावहारिक पहलुओं, नियम-कानून से लेकर भावी चुनौतियों तक, को शामिल किया गया है, जिससे प्रतिभागी समग्र नेतृत्व की ओर विकसित हो सकें.

# सेंसेक्स-निफ्टी में गिरावट

## आईटीसी, कोटक, एयरटेल में गिरावट, मारुति में तेजी



**मुंबई, 23 सितंबर. घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को भी गिरावट जारी रही और शुरुआती कारोबार में प्रमुख सूचकांक लाल निशान में चले गये. बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 12.60 अंक की गिरावट के साथ 82,147.37 अंक पर खुला.**

कुछ देर के लिए यह हरे निशान में जरूर गया लेकिन उसके बाद फिर बाजार में बिकवाली तेज हो गयी. खबर लिखे जाते समय सेंसेक्स 118.45 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,041.52 अंक पर था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक 6.65 अंक की तेजी के साथ 25,209 अंक पर खुला. खबर लिखे जाते समय यह 27.90 अंक यानी 0.11 फीसदी नीचे 25,174.45 अंक पर रहा.

एफएमसीजी, बैंकिंग और रियल्टी सेक्टरों में ज्यादा गिरावट रही जबकि ऑटो, धातु और तेल एवं गैस सेक्टरों के शेयरों में लिवाली का जोर रहा. सेंसेक्स की कंपनियों में एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक आईटीसी के शेयर गिरावट में रहे जबकि मारुति सुजूकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स और बजाज फाइनेंस के शेरों में तेजी देखी गई.

## उड़ानों में बढ़ेगा विकल्प, यात्रियों को मिलेगा लाभ

**नयी दिल्ली, 23 सितंबर.** वियतनाम एयरलाइंस और सिंगापुर एयरलाइंस ने एक नया कोडशेयर समझौता किया है जिससे यात्रियों को दोनों के मार्गों पर यात्रा के और अधिक विकल्प मिलेंगे. इस समझौते के तहत सिंगापुर एयरलाइंस सिंगापुर और वियतनामी शहरों हनोई और हो ची मिन्ह सिटी के बीच वियतनाम एयरलाइंस द्वारा संचालित उड़ानों पर कोडशेयर करेगी, जबकि वियतनाम एयरलाइंस सिंगापुर और डा नांग, हनोई और हो ची मिन्ह सिटी के बीच सिंगापुर एयरलाइंस द्वारा संचालित उड़ानों पर कोडशेयर करेगी. कोडशेयर 26 अक्टूबर से प्रभावी होगा और 10 अक्टूबर से दोनों एयरलाइनों के बिक्री चैनलों और ट्रैवल एजेंटों के माध्यम से बिक्री के लिए टिकट उपलब्ध होंगी.

# उद्योगों की उत्पादन वृद्धि 6.3% रही

**इस बार अगस्त में कोयला उत्पादन में 11.4 प्रतिशत प्रतिशत की वृद्धि रही**

**पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 0.5 प्रतिशत ऊंचा रहा.**



**नयी दिल्ली, 23 सितंबर. उत्पादन सूचकांक के आधार पर देश में आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में इस वर्ष अगस्त में एक साल पहले के इसी माह की तुलना में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी. जुलाई 2025 में आठ प्रमुख उद्योगों की उत्पादन वृद्धि दर 3.7 प्रतिशत और चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अगस्त अवधि में 2.8 प्रतिशत रही.**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अगस्त में इस्पात, कोयला, सीमेंट, उर्वरक, बिजली और पेट्रोलियम रिफाइनरी क्षेत्रों में उत्पादन सालाना आधार पर ऊंचा रहा जबकि कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट रही. इनका देश के कुल औद्योगिक उत्पादन में योगदान लगभग 40.27 प्रतिशत है. सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, इस बार अगस्त में कोयला उत्पादन में 11.4 प्रतिशत प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि इस अप्रैल से अगस्त के दौरान उत्पादन सालाना आधार पर 0.7 प्रतिशत कम रहा. अगस्त में कच्चा तेल उत्पादन सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत और अप्रैल-अगस्त के दौरान 1.7 प्रतिशत कम रहा. प्राकृतिक गैस के उत्पादन में अगस्त माह में 2.2 प्रतिशत और अप्रैल से अगस्त की अवधि में 2.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी.

# मुंबई से उड़ान भरेगी एयर इंडिया एक्सप्रेस की 20 फ्लाइट्स

**मुंबई, 23 सितंबर. एयर इंडिया समूह की किफायती विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस मुंबई के उपनगरीय इलाके नवी मुंबई में बने नये हवाई अड्डे से 20 दैनिक उड़ानें शुरू करेगी. एयर इंडिया ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि वह नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15 शहरों के लिए 20 से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू करेगी.**




ये उड़ानें हवाई अड्डे के संचालन के पहले चरण से शुरू होंगी. अगले साल के मध्य तक वहां से उड़ानों की संख्या बढ़ाकर रोजाना 55 की जायेगी जिनमें पांच दैनिक अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल होंगी. अगले साल के अंत तक एयर इंडिया समूह का लक्ष्य नवी मुंबई हवाई अड्डे से अपने परिचालन को 60 दैनिक प्रस्थान तक बढ़ाने की योजना है. एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा, हम नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन शुरू करने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि मुंबई एक से अधिक हवाई अड्डों वाले विश्व शहरों की श्रेणी में शामिल हो गया है. हमें अदानी एयरपोर्ट्स के साथ मिलकर नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को न केवल शेष भारत से जोड़ने वाले एक बिंदु के रूप में, बल्कि अपनी रणनीतिक भौगोलिक स्थिति को देखते हुए, यात्रियों और कार्गो दोनों के लिए देश के प्रमुख वैश्विक पारगमन केंद्रों में से एक के रूप में विकसित करने में खुशी हो रही है. उल्लेखनीय है कि नवी मुंबई हवाई अड्डे का संचालन अडानी समूह के हाथों में है.

# एआई ने पुराने डेटा सेंटर्स को बना दिया धीमा

**नज़दीक प्रोसेसर, तेज़ प्रदर्शन यही है फॉर्मूला**

**हाइपरस्केल से गीगावॉट तक- बदल रही है डेटा दुनिया**




**लंदन, 23 सितम्बर. एआई टेक्नोलॉजी की तेज़ रफ्तार को बनाए रखने के लिए दुनिया भर में एक नई दौड़ शुरू हो चुकी है — डेटा सेंटर्स की. निवेश बैंक मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि 2029 तक वैश्विक स्तर पर करीब 3 ट्रिलियन 250 लाख करोड़ सिर्फ एआई डेटा सेंटर्स पर खर्च होंगे.**

इनमें से आधी राशि इन सेंटर्स के निर्माण पर, और आधी उनमें लगने वाले हाई-एंड हार्डवेयर पर खर्च होगी. ये वो आंकड़ा है जो 2024 में फ्रांस की पूरी अर्थव्यवस्था के बराबर था.

यूके में ही अगले कुछ वर्षों में 100 से अधिक नए डेटा सेंटर्स बनाए जाएंगे. माइक्रोसॉफ्ट ने अकेले 30 बिलियन (2.4 लाख करोड़) के निवेश की घोषणा की है. तो क्या फर्क है एआई डेटा सेंटर्स और पारंपरिक डेटा सेंटर्स में? असल बात है — डेंसिटी. एआई मॉडल, जैसे कि चैटजीपीटी या क्लोड, को प्रशिक्षित करने के लिए भारी प्रोसेसिंग की ज़रूरत होती है. इसके लिए नविदा के विशेष चिप्स इस्तेमाल होते हैं, जो 4 मिलियन की कीमत वाले कैबिनेट्स में लगाए जाते हैं. इन कैबिनेट्स को बेहद करीब रखा जाता है ताकि नैनोसेकंड की भी देरी से बचा जा सके. प्रोसेसर के बीच थोड़ी सी दूरी भी बड़ी देरी बन सकती है, और एआई को हाई-स्पीड प्रोसेसिंग चाहिए — इसलिए इन्हें साथ में, पैरेलल प्रोसेसिंग मोड में चलाया जाता है, जिससे पूरा सिस्टम एक विशाल कंप्यूटर की तरह काम करता है. इस सुपर-डेंस इंफ्रास्ट्रक्चर से पुराने डेटा सेंटर्स पीछे छूटते जा रहे हैं. यही कारण है कि कंपनियाँ अब हाइपरस्केल से आगे जाकर गीगावॉट स्तर की तैयारी कर रही हैं.

# जैव ऊर्जा एवं टेक एक्सपो बुधवार से यशोभूमि में

**नयी दिल्ली, 23 सितम्बर. जैव ऊर्जा एवं स्वच्छ तकनीकों पर आधारित इंडिया बायोएनर्जी एंड टेक एक्स्पो के दूसरे संस्करण का आयोजन 24 से 26 सितंबर के बीच दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में होगा. इस साल के लिए सम्मेलन का विषय है ट्रांजिशन टू नैट जीरो: नीड टू स्केल अप बायो-एनर्जी इनीशिएटिव्स.**




इसमें जलवायु प्रतिबद्धताओं के अनुरूप हरित ऊर्जा समाधानों पर देश के बढ़ते फोकस को रेखांकित किया जायेगा. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गटकरी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे. एक्सपो के समापन सत्र को केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी संबोधित करेंगे. वह इंडियन ग्रीन एनर्जी पुरस्कार भी देंगे. वहीं, 25 सितम्बर को आयोजित प्लेनेरी सत्र की अध्यक्षता नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नायक करेंगे, जो मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. आयोजकों ने मंगलवार को बताया कि एक्सपो में 170 से अधिक शीर्ष प्रतिनिधी, अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ, उद्योग जगत के दिग्गज एवं शोध कार्य में शामिल विद्वान हिस्सा लेंगे. उम्मीद है कि 500 से अधिक प्रतिनिधी 30 से अधिक सत्रों के दौरान अपने विचार प्रस्तुत करेंगे.

## गरीबी उन्मूलन को गति देने के लिए नज इंस्टीट्यूट से साझेदारी

**नयी दिल्ली, 23 सितंबर.** अब्दुल लतीफ जमील पावर्टी एक्शन लैब साउथ एशिया और द/नज इंस्टीट्यूट ने गरीबी उन्मूलन के लिए ग्रेजुएशन अप्रोच की राष्ट्रीय स्तर पर वृद्धि को तेजी से बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की है. वित्तीय मदद से साथ उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा तथा रोजगार के लिए प्रशिक्षण मुहैया कराकर स्वाबलंबी बनाने का प्रयास किया जाता है.


**मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड**
**कार्यालय उपमहाप्रबन्धक (सिविल), चम्बल कॉलोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल**
**फोन ऑफिस : 0755-2678206, ई-मेल : gmcivil.mkvvcl@gmail.com**
प्रकाश एवं विकास

**क्रमांक 050/उपमहाप्रबं./सि./2747-48** — **भोपाल, दिनांक : 22.09.2025**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल वृत्त भोपाल के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु कम्पनी/म.प्र. शासन/केन्द्रीय शासन के विभिन्न विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत, ई.पी.एफ. नं. एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं. प्राप्त ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में **लोक निर्माण विभाग म.प्र शासन के दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील (वर्तमान तक संशोधित) एस.ओ.आर. (भवन एवं विद्युत) बेस रेट में 18 प्रतिशत जी.एस.टी. जोड़कर,** भावपत्र e-निविदा के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं।

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि रुपये में |
|---|---|---|---|
| उपमप्रसि/भो./51/01 (ई. निविदा क्र. 2025_MKVVC_453563_1) | संचा/संधा वृत्त बैतूल अंतर्गत वितरण केन्द्र कार्यालय शहर मुलताई में प्रसाधन कक्ष का निर्माण कार्य बावत्। | 2.00 | 4000/- |
| उपमप्रसि/भो./51/02 (ई. निविदा क्र. 2025_MKVVC_453566_1) | संचा/संधा वृत्त बैतूल अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र चौपना (वितरण केन्द्र शाहपुर) में प्रसाधन कक्ष का निर्माण कार्य बावत्। | 1.50 | 3000/- |
| उपमप्रसि/भो./51/03 (ई. निविदा क्र. 2025_MKVVC_453568_1) | संचा/संधा वृत्त बैतूल अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र भौरा (वितरण केन्द्र भौरा) में प्रसाधन कक्ष का निर्माण कार्य बावत्। | 1.50 | 3000/- |

**निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय : 23.09.2025 from 10:30 Hrs.**
**ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 08.10.2025 up to 15.00 Hrs.**
**निविदा खुलने की दिनांक/समय : 09.10.2025 at 15.00 Hrs.**
निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कंपनी की वेबसाइट **https://portal.mpcz.in** पर देखे एवं **https://mptenders.gov.in** पोर्टल से निविदा क्रय कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/122222/2025 — **उपमहाप्रबंधक (सिविल)**



**पश्चिम मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है- **निविदा संख्या** : विद्युत-सा.भो.नि-52-2025 **कार्य का नाम** : भाग (क) गुना-अमृत भारत स्टेशन के विकास हेतु विद्युत सब स्टेशन का स्थानांतरण (सिविल कार्य सहित)। भाग (ख): DRM कार्यालय, भोपाल में विद्युत सबस्टेशन और ट्रैक मशीन सबस्टेशन के सुदृढ़ीकरण हेतु विद्युत कार्य। भाग (ग): गुना-गुना स्टेशन पर COP के बचे हुए हिस्से का प्रावधान और अन्य विद्युत कार्य। भाग (घ): शिवपुरी- ABSS के अंतर्गत अतिरिक्त कार्य, जिसमें एप्रोच रोड का चौड़ीकरण और प्लेटफार्म क्रमांक 2 को टो वॉल और मिट्टी की खुदाई द्वारा सुदढ़ बनाना शामिल है। (विद्युत कार्य)। **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 6 माह, **अनुमानित लागत रू.** : 19607714.62, **अग्रिम राशि रू.**: 248000.00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 10/10/2025, 11:00 Hrs संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो बेवसाइट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेगें जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है। ठेकेदार को निविदा में भाग लेने की पात्रता जानने के लिए एवं निविदा के साथ संलग्न करने दस्तावेज जानने के लिए IREPS पर अपलोड किए गए सभी निविदा दस्तावेजों को सभी शर्तों के साथ ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों आदि को ही निविदा को अंतिम रूप देने के लिए विचार किया जाएगा।

**वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (आईआईएफएल-एचएफएल) को गिरवी रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालयः-183, प्रथम तल सोनी भवन, एमपी नगर जोन क्क भोपाल, सरगम सिनेमा होटल के पास रॉयल विला-462011" वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "अधिनियम") के अंतर्गत। जबकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित ऋण खातों/संभावना संख्याओं में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया था। IIFL-HFL के बकाया की वसूली के लिए इसे बेचने का अधिकार "जहाँ है जैसा है वैसा है" के आधार पर, और बिना किसी सहारे के आधार पर। यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

| उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता/ गारंटर | मांग सूचना दिनांक और राशि | अचल संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण | भौतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री पंकज साहू 2. श्रीमती अनुपमा मोदी (प्रॉस्पेक्ट नं. 734472) | 21-सितंबर-2022 रु. 45,29,804/- (पैंतालीस लाख उनतीस हजार आठ सौ चार मात्र) | संपत्ति का वह समस्त भाग जिसमें फ्लैट संख्या 402, चौथी मंजिल, ब्लॉक-जी, 999 वर्ग फुट क्षेत्रफल, हेवन्स हाइट्स भाग, हेवन्स लाइफ कॉलोनी, ग्राम बरई बागली, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत-462047 शामिल है। (क्षेत्रफल 740 वर्ग फुट) | 26/जुलाई/2024 | रु. 11,96,000/- (ग्यारह लाख छियानवे हजार मात्र) |
| | **बोली वृद्धि राशि रु. 25000/-** (पच्चीस हजार मात्र) | | कुल बकाया दिनांक 08-सितंबर-2025 तक रू. 68,17,985/- (अड़सठ लाख सत्रह हजार नौ सौ पिच्यासी मात्र) | बयाना राशि जमा (EMD) रू. 1,19,600/- (एक लाख उन्नीस हजार छह सौ मात्र) |

| संपत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी की अंतिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 08-अक्टूबर-2025 1100 बजे -1400 बजे | 10 अक्टूबर 2025 शाम 5 बजे तक। | 13-अक्टूबर-2025 11:00 बजे-13:00 बजे। |

भुगतान विधिः- अग्रिम राशि का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जाना है। भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा।
नोटः प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग-अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष भुगतान के लिए - https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount. पर लॉग इन करें।

**नियम एवं शर्तें:-**
1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com पर अपना विवरण पहले से पंजीकृत कराना होगा और लॉगिन खाता, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा प्रपत्र" अग्रिम जमा राशि के भुगतान विवरण, केवाईसी की प्रति और पैन कार्ड के साथ उपरोक्त शाखा कार्यालय में जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को "बोली वृद्धि राशि" कॉलम में उल्लिखित राशि के गुणज में अपनी बोली में सुधार करना होगा। यदि बोली नीलामी समाप्ति समय के अंतिम 5 मिनट में लगाई जाती है, तो समाप्ति समय स्वतः ही 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार किए जाने के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) और सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर बोली राशि का शेष 75% जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान निर्धारित भुगतान विधि से होंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टाम्प शुल्क, फीस और अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित अन्य सभी आकस्मिक लागतें, शुल्क वहन करने होंगे।
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेन-देन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन देना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के पास टीडीएस प्रमाणपत्र जमा करना होगा।
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोलियाँ जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों और नीलामी आवेदन पत्र के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें।
7. ई-नीलामी संबंधी विस्तृत जानकारी, सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ईमेल आईडी care@iiflonehome.com, सहायता हेल्पलाइन नंबर 1800 2672 499 पर संपर्क कर सकते हैं।
8. संपत्ति विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, सोमवार से शुक्रवार के बीच सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक IIFL HFL के टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल care@iiflonehome.com पर लिखें।
9. उपरोक्त उधारकताओं को सूचित किया जाता है कि वे भौतिक कब्जा लेते समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को 7 दिनों के भीतर एकत्र कर लें, अन्यथा IIFL-HFL परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अतिरिक्त, ऋणी/ऋणियों को सूचित किया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुएँ प्राप्त करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें कानून के अनुसार बेच दिया जाएगा।
11. यदि सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक की जाती है, तो बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द या परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 उपनियम (1) के तहत 15 दिन की बिक्री सूचना**
ऋणी को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वे निविदा/नीलामी की तिथि से पूर्व उपर्युक्त राशि, अद्यतन ब्याज और सहायक व्ययों सहित अदा करें। ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया राशि होगी तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

**स्थानः- भोपाल, दिनांकः 24.09.2025** — **एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड।**



**न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल (पुराना जिला पंचायत भवन, जिला भोपाल)**
राजस्व प्रकरण क्रमांक 0187/अ-3/24-25
दिनांक 23/09/2025

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका मूसा खान पिता/पति शाहिद मो. खान भोपाल द्वारा ग्राम बड़वई तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 243/3/1/13, 244, 243/3/1/12/5, 244 रकबा 5192 वर्ग हेक्टेयर/ एकड़/ वर्गमीटर/ वर्गफिट भूमि का नामांतरण/ बटवारा /बटान/ सीमांकन किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है.

उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है. निर्धारित समयावधि बीत जाने के पश्चात् प्राप्त आपति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा.

आज दिनांक 23/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया.

**तहसीलदार**
**नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल**



**न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल (पुराना जिला पंचायत भवन, जिला भोपाल)**
राजस्व प्रकरण क्रमांक 0186/अ-3/24-25
दिनांक 23/09/2025

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका शहाना -पिता/पति जावेद अजीज निवासी शहर भोपाल द्वारा ग्राम बड़वई तहसील हुजूर निवासी जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 243/5/1/5 रकबा 5192 वर्ग हेक्टेयर/एकड़/ वर्गमीटर/वर्गफिट भूमि का नामांतरण/ बटवारा/ बटान/ सीमांकन किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है.

उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किये जाने पर, यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है. निर्धारित समयावधि बीत जाने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा.

आज दिनांक 23/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा से जारी किया गया.

**तहसीलदार**
**नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल**



**Nashik Municipal Corporation, Nashik**
**Public Health Engineering Department (Sewerage)**
**Rajiv Gandhi Bhavan, Sharanpur Road, Nashik- 422 002.**
**Ph. (0253) 2575631/32, 2579119 Fax: 2577936**
**E-Tender Notice No. 02 / 2025-26**

Nashik Municipal Corporation, invites bids vide e-Tender No-02/(2025-26) for 02 works .The Detailed Tender Notice & Tender documents will be available on **www.mahatenders.gov.in**. from **Dt. 25/09/2025 to Dt. 15/10/2025.**

जनसंपर्क/जा.क्र/२६४/२०२५
दि.२३/०९/२०२५

गोदा प्रदुषण टाळा, भविष्य संभाळा.

**Sd/xxx**
**Superintending Engineer**
**Public Health Engineering Department (Sewerage),**
**Nashik Municipal Corporation, Nashik**



**केनरा बैंक Canara Bank** — A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate
**क्षेत्रीय कार्यालय-1, भोपाल ब्लाक नं. 3, पाँचवीं मंजिल, जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011**

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणधारी को निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज राशि एवं सहित नोटिस प्राप्ति के 60 दिन की समयावधि के भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था।
ऋणी निर्धारित समय सीमा मे ऋण का भुगतान करने मे असफल रहा है। अतः ऋणी/जमानतदार एव सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम (8 एवं 9) के अंतर्गत नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है।
ऋणग्रहीता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **केनरा बैंक की संबंधित शाखा** के अधीन होगा।
ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी /बंधककर्ता/ जमानतदारों का नाम | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक | बकाया राशि | कब्जा की गई संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| **केनरा बैंक, अवधपुरी शाखा, भोपाल** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- **श्री पंकज रघुवंशी C/O श्री जे पी रघुवंशी** | **10.07.2025 / 18.09.2025** | **₹ 31,17,529/-** +ब्याज एवं अन्य खर्चे | **बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट संख्या 107-ए, प्रथम तल, ब्लॉक ए, गोल्डन वैली हाइट्स, ग्राम बंजारी, कोलार रोड, तहसील हुजूर, जिला भोपाल कुल क्षेत्रफल - 90.30 वर्गमीटर, चर्तुसीमाएं-** पूर्वः खुला, पश्चिमः गलियारा, उत्तरः खुला, दक्षिणः फ्लैट संख्या 105-ए, |

**स्थान-भोपाल, दिनांक : 23.09.2025** — **प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक**